वर्ष- 3 , अंक- 33
छपरा
22 दिसंबर रविवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## असम में मोदी का कांग्रेस पर हमला: बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाया, अब बचाव में उतरी



**डिब्रूगढ़,एजेंसी।** असम दौरे के दूसरे दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने डिब्रूगढ़ में अमोनिया-यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 12.7 लाख टन होगी। यह यूनिट 2030 तक चालू हो जाएगी।

इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं। जो काम कांग्रेस को उस समय करना था, उसने नहीं किया। इसलिए मुझे एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया है और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। SIR का विरोध कर रही है। तुष्टिकरण और वोट बैंक के इस कहर से हमें असम को बचाकर रखना है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि असम की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बनकर खड़ी है।

इससे पहले पीएम ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर 25 बच्चों के साथ करीब 45 मिनट परीक्षा पे चर्चा भी की। मोदी ने नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्प लिमिटेड (BVFCL) के मौजूदा परिसर में नए फर्टिलाइजर यूनिट की आधारशिला रखी। 170 करोड़ रुपए की लागत से बने इस स्मारक में पानी के कुंड, ऑडिटोरियम, प्रेयर रूम, साइकिल ट्रैक और साउंड एंड लाइट शो जैसी सुविधाएं हैं, जो असम आंदोलन और राज्य के इतिहास के विभिन्न पहलुओं को उजागर करेगा।

### पीएम बोले:यहां अन्नदाताओं की भूमिका है

पीएम मोदी ने कहा कि मैं आप सभी को और देश के सभी किसान भाई-बहनों को इस आधुनिक फर्टिलाइजर प्लांट के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूं. बीजेपी की डबल इंजर सरकार में उद्योग और कनेक्टिविटी की ये जुगलबंदी असम के सपनों को पूरा कर रही है और साथ ही हमारे युवाओं को नए सपने देखने का हौसला भी दे रही है. उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में देश के किसानों की, यहां के अन्नदाताओं की बहुत बड़ी भूमिका है. इसलिए हमारी सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए दिन-रात काम कर रही है. पीएम मोदी ने कहा कि नामरूप की ये यूनिट रोजगार, स्वरोजगार के हजारों नए अवसर भी बनाएगी. प्लांट के शुरू होते ही अनेकों लोगों को यही पर स्थायी नौकरी भी मिलेगी. इसके अलावा जो काम प्लांट के साथ जुड़ा होता है, इन सबमें भी यहां के स्थानीय लोगों और खासकर नौजवानों को रोजगार मिलेगा. आज हमारी डबल इंजन की सरकार कांग्रेस द्वारा पैदा की गई समस्याओं का समाधान भी कर रही है. असम की तरह देश के दूसरे राज्यों में भी खाद की कितनी ही फैक्ट्रियां बंद हो गई थी.

### 4 लाख करोड़ किसानों के खाते में भेजे गए

पीएम मोदी ने कहा कि पहले यूरिया के लिए किसानों को लाइनों में लगना पड़ता था, पुलिस किसानों पर लाठी बरसाती थी. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जिन हालातों को बिगाड़ा था, हमारी सरकार उन्हें सुधारने के लिए एड़ी-चोटी की ताकत लगा रही है ।

## लुधियाना में दामाद ने की सास की हत्या



### घर में घुसा, सीधे सिर पर फायर किया

**लुधियाना,एजेंसी।** पंजाब के लुधियाना में शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे जीटीबी नगर मुंडियां में दिनदहाड़े एक युवक ने अपनी सास की हत्या की दी। वारदात के वक्त महिला घर में अपनी शादीशुदा बेटी के साथ थी। इसी दौरान युवक वहां आया और दोनों पर फायरिंग कर दी। बेटी ने किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन महिला के सिर पर गोली लग गई।

इसके बाद युवक वहां से भाग गया। गोली चलने की आवाज सुनकर पड़ोसी आए और घायल महिला को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृतक करार दे दिया। इसकी जमालपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

उधर, मृतक महिला की पहचान पूनम पांडे के रूप में हुई है। वारदात के बाद पूनम की बेटी साक्षी अभी सहमी हुई है। देर शाम महिला पूनम की बेटी साक्षी का बयान सामने आया। उसने कहा कि उसके पति विक्रम ने दो बार गोली चलाई है, जिस कारण उसकी मां की मौत हुई है। उसने पुलिस से मामले में तुरंत कार्रवाई की मांग की।

वहीं, इस घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें युवक घर के अंदर आता है और करीब 3 मिनट रुकता है। फिर वह बाहर आता है और पिस्टल लोड करके दोबारा मकान के दरवाजे पर जाता है और फायरिंग करता है। वह दो बार फायरिंग करता दिखाई दे रहा है। फिलहाल, पुलिस ने बेटी के बयान के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जेल में बंद रामपाल को सम्मानित करेगी किसान यूनियन

**हिसार,एजेंसी।** हरियाणा के हिसार में सतलोक आश्रम के प्रमुख रामपाल को भारतीय किसान यूनियन किसान रत्न से सम्मानित करने जा रही है। आज (21 दिसंबर) हिसार के डाया गांव में इसे लेकर बड़ा कार्यक्रम चल रहा है। आसपास के 100 गांवों के ग्रामीणों को निमंत्रण दिया गया था, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं।

हिंसा फैलाने के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे रामपाल के भाई महेंद्र सिंह और दोनों बेटे वीरेंद्र और मनोज इस सम्मान को लेंगे। कार्यक्रम में मंच पर रामपाल की मूर्ति लगाई गई है। रामपाल के अनुयायी भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे हैं।

## भागवत का बयान : संघ को बीजेपी से जोड़कर देखना सही नहीं

### *एक्सरसाइज करने का मतलब यह नहीं कि किसी पर हमला करने की योजना बना रहे*




**कोलकाता,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने कोलकाता में कहा कि संघ को BJP के लेंस से देखने की कोशिश न करें। संघ सिर्फ एक सर्विस ऑर्गनाइजेशन नहीं है। संघ को समझना है तो संघ को ही देखना पड़ता है।

भागवत ने कहा कि बहुत से लोगों की प्रवृत्ति रहती है कि संघ को BJP के चश्मे से समझना। यह बहुत बड़ी गलती होगी। संघ को देखकर नहीं समझ सकते, उसे अनुभव करना पड़ेगा।

भागवत का यह बयान तब आया है, जब जर्मनी में राहुल गांधी ने उन्हें लेकर कहा था, RSS चीफ खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच नहीं, ताकत महत्वपूर्ण है।

RSS प्रमुख कोलकाता में संघ के 100 साल पूरे होने के मौके पर रखे गए संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने हिंदुओं, राजनीति और संघ के कामों पर भी अपनी बात रखी।

## न्यूजीलैंड में सिखों के नगर कीर्तन का रास्ता रोका:लिखा- ये न्यूजीलैंड है, इंडिया नहीं



**वेलिंग्टन/अमृतसर,एजेंसी।** न्यूजीलैंड में लोकल लोगों ने सिख समुदाय की तरफ से निकाले जा रहे नगर कीर्तन का विरोध कर दिया। उन्होंने नगर कीर्तन का रास्ता रोक दिया। इसके बाद आगे खड़े होकर हाका प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने दिस इज न्यूजीलैंड, नॉट इंडिया यानी यह न्यूजीलैंड है, भारत नहीं और न्यूजीलैंड को न्यूजीलैंड ही रहने दो, यह हमारी जमीन है, यही हमारा स्टैंड है के बैनर लहराए।

यह प्रदर्शन शनिवार को हुआ। उस वक्त सिख समुदाय का नगर कीर्तन गुरुद्वारे लौट रहा था। हालांकि न्यूजीलैंड पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बीचबचाव किया और प्रदर्शनकारियों को हटा दिया।

**गुरुद्वारे लौट रहा था नगर कीर्तन :** शनिवार को न्यूजीलैंड के साउथ ऑकलैंड के उपनगर मनुरेवा में सिख समुदाय की तरफ से नगर कीर्तन निकाला जा रहा था। सिख लीडर सन्नी सिंह ने बताया कि यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा नानकसर ठाठ इशर दरबार, मनुरेवा से शुरू हुआ था। इलाके में घूमने के बाद नगर कीर्तन गुरुद्वारे में लौट रहा था

## म.प्र. इस सर्दी में पहली बार पारा 3डिग्री से नीचे, यूपी में कोल्ड-डे



**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ, एजेंसी।** भारत के मध्य और उत्तरी हिस्सों में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का दौर जारी है। मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के 18 राज्यों में घने कोहरे के अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश में सर्दी अपने चरम पर है। इस सर्दी सीजन पहली बार शनिवार को तापमान 3 डिग्री से नीचे पहुंच गया। शहडोल के कल्याणपुर में 2.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में लगातार एक हफ्ते से तापमान 7 डिग्री से कम है। यूपी और बिहार में कोल्ड-डे के हालात है। सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। दिन और रात के समय एक जैसी सर्दी पड़ रही है। ज्यादातर शहरों में धूप के दर्शन ही नहीं हो रहे हैं। ओस की बूंदें रिमझिम बारिश की तरह पड़ रही हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

यूपी में शिमला और नैनीताल से ज्यादा सर्दी है। रविवार सुबह बरेली, कानपुर समेत कई शहरों का तापमान 7 डिग्री या उससे कम रिकॉर्ड किया गया। कानपुर में सबसे कम, 6.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। शिमला में शनिवार को तापमान 11डिग्री और नैनीताल में 10डिग्री रहा।

कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। गुलमर्ग में करीब दो इंच बर्फ जमी है। सोनमर्ग में सुबह से बर्फबारी जारी है। कश्मीर में 40 दिनों के भीषण सर्दी का दौर, चिल्लई-कलां आज से शुरू हो गया है। चिल्लई-कलां हर साल 21 दिसंबर से 31 जनवरी तक रहता है।

### जनवरी भर ठिठुराएगा पोलर सिस्टम :

शनिवार को देश की करीब 90 करोड़ आबादी को शीतलहर का असर महसूस हुआ। पंजाब में पाकिस्तान सीमा से लेकर असम में बांग्लादेश सीमा तक करीब दो हजार किलोमीटर लंबे इलाके की लगभग 500 किमी चौड़ी पट्टी में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा।मौसम विभाग के अनुसार ऐसी स्थिति जनवरी 2026 के अंत तक बार-बार बनेंगी। नवंबर में ला-नीना की स्थिति बन चुकी है, जो सर्दी बढ़ाती है। मौसम एजेंसियों के अनुसार, उत्तरी ध्रुव के ऊपर बनने वाले ध्रुवीय ठंडी हवाओं के घेरे (पोलर वोर्टेक्स) में दरार पड़ रही है। इससे उत्तरी गोलार्ध के बड़े हिस्से में बेहद ठंडी हवाएं फैलेंगी। जनवरी में सामान्य से ज्यादा सर्दी संभव है। अमेरिकी मौसम एजेंसी NOAA के मुताबिक ऊपरी वायुमंडल में तापमान बढ़ने से वोर्टेक्स कमजोर हुआ। यूरोपीय मौसम एजेंसी ECMWF ने बताया कि बर्फीली हवा कनाडा, अमेरिका, यूरोप और मध्य एशिया तक फैलेंगी।

## रक्षा मंत्रालय में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वत लेते गिरफ्तार,सीबीआई ने 2.36 करोड़ जब्त किए




**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने शनिवार को रक्षा मंत्रालय में पोस्टेड आर्मी अफसर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा पर बेंगलुरु की एक कंपनी से 3 लाख की रिश्वत लेने का आरोप है। CBI ने शर्मा के घर से 2.36 करोड़ रुपए भी जब्त किए है। CBI ने शर्मा की पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ भी मामला दर्ज किया था। तलाश की दौरान काजल के घर से 10 लाख रुपए भी बरामद किए हैं। काजल, डिवीजन ऑर्डनेंस यूनिट (DOU) श्रीगंगानगर (राजस्थान) में कमांडिंग ऑफिसर हैं। इस मामले में बिचौलिया विनोद कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों 23 दिसंबर तक CBI की हिरासत में रहेंगे।

यह मामला 19 दिसंबर को मिली सूचना के आधार पर दर्ज किया गया। CBI के मुताबिक लेफ्टिनेंट कर्नल रक्षा उत्पादों के निर्माण और निर्यात से जुड़ी प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर उन्हें फायदा पहुंचाने की साजिश रचते थे।

## रेल किराया बढ़ा : लंबी दूरी की यात्रा महंगी, 26 दिसंबर से हर किमी पर 1-2 पैसे अतिरिक्त देने होंगे




**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने लंबी दूरी की यात्रा के लिए किराए में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह नया किराया 26 दिसंबर 2025 से लागू होगा। 215 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे।रेलवे का अनुमान है कि इस बदलाव से उसे सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई होगी। हालांकि, 215 किलोमीटर से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मंथली सीजन टिकट होल्डर्स के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

छोटे रूट और सीजन टिकट वालों को राहत रेलवे ने छोटे रूट पर यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों को राहत दी है। 215 किलोमीटर से कम के सफर पर किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसका मतलब है कि कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही सस्ती बनी रहेंगी। इसके अलावा, रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी राहत की खबर है।

### मुंबई- 16 साल पुराने रेप का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस बोली- 24 पीड़ित हो सकती हैं, न्यूड कॉल के लिए मजबूर करता था, फिर ब्लैकमेलिंग



**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई में एक 16 साल पुराने रेप मामले का अब खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपी महेश पवार को 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया। मामले की जानकारी रविवार को सामने आई। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, पीड़ित मूक-बधिर है। वह बोल और सुन नहीं सकती।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित 2009 में नाबालिग थी, जब उसके साथ रेप हुआ। वह शादीशुदा है और मुंबई के वेस्टर्न सबर्ब में रहती है। जांच के दौरान पता चला कि वह इकलौती नहीं है, जिसके साथ आरोपी ने दरिंदगी की है। आरोपी एक सीरियल रेपिस्ट है। वह मूक-बधिर महिलाओं को निशाना बनाता था।

पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सात महिलाओं के शोषण के सबूत मिले हैं, लेकिन पीड़ित की संख्या 24 से ज्यादा हो सकती है।

### अरुणाचल में जासूसी नेटवर्क का खुलासा, पाकिस्तान कनेक्शन भी मिला

## बॉर्डर एरिया में चल रही गतिविधियों को लेकर एजेंसियां अलर्ट ; चीन की हलचल पर भी नजर




**ईटानगर ,एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे और सीमा से जुड़ी गतिविधियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है।

पुलिस ने पिछले 10 दिनों में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

इस बीच, स्थानीय लोगों ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (LAC) के पास चीनी सेना की मौजूदगी और संभावित घुसपैठ की जानकारी दी है।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी सेना की गतिविधियों और अन्य संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे थे। शुरुआती जांच में इस नेटवर्क के चीन से जुड़े होने के संकेत भी मिले हैं।

सुरक्षा विशेषज्ञ इसे 'हाइब्रिड वॉर' की रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं, जिसमें जासूसी, घुसपैठ और सैन्य दबाव को एक साथ इस्तेमाल किया जाता है।

राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने कहा है कि जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

LAC के पास चीनी गतिविधियां, कैंप बनाने का दावा

स्थानीय लोगों का दावा है कि सितंबर 2024 से चीनी सेना ने अंजाव जिले के कपापु क्षेत्र में करीब 60 किमी अंदर तक कैंप बनाए हैं।

उनका कहना है कि हालात 2022 जैसे हैं। हालांकि, सरकार की ओर से इसे 'ओवरलैपिंग पेट्रोलिंग' बताया जा रहा है।

इसी दौरान तिब्बत के ल्हुंजे एयरबेस पर चीन की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। यहां मैकमोहन लाइन से करीब 40km दूर 36 हार्डेंड एयरक्राफ्ट शेल्टर्स बनाए जाने और स्टेल्थ जेट्स की तैनाती की जानकारी सामने आई है।

## बच्चों के झगड़ा को लेकर हुई एक मारपीट की घटना में दो महिला जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** थाना क्षेत्र के लेरुआ पाण्डेय टोला में बच्चों के झगड़ा को लेकर हुई एक मारपीट की घटना में दो महिला जख्मी हो गई। घटना को लेकर लालबाबू मांझी की पत्नी सिजान्ती देवी ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में अपने पटिदार लखन मांझी, धर्मेन्द्र मांझी, जगदेव मांझी, मिथलेश मांझी को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि सभी अरोपी एकाएक उसके पास आए और गाली देने लगे, मना करने पर फैट, मुक्का, लाठी, डंडा से मरपीट शुरु कर दी। चोट लगने से वह जमीन पर गिर गई ।जब उसकी पतोहू पूजा देवी बचाने पहुंची तो नामित लोगों ने उसके साथ भी मारपीट किया। लखन मांझी और धर्मेन्द्र मांझी ने उसके सिर पर घातक हथियार से हमला किया जिससे उसका सिर बुरी तरह से जख्मी होगा। इस दौरान जगदेव मांझी और मिथलेश मांझी ने उसका मंगलसूत्र और उसके पतोहू का कानबाली नोच लिया। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

## असोइयां सनराइज टी-20 क्रिकेट की चैम्पियन बनी मिर्जापुर की टीम



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** मिर्जापुर असोईयां में आयोजित सनराइज टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मिर्जापुर की टीम ने ओल्हनपुर को हराकर विजेता कप जीत लिया। रविवार को स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि कमलेश प्रसाद व जिला परिषद सदस्य इलियास अंसारी, समाजसेवी जयपाल यादव, राकेश कुमार, मोनू भगत सहित अन्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को शुरु कराया। टॉस हार कर पहले खेलते हुए ओल्हनपुर की टीम मात्र 90 रन बना सकी। जबाब में खेलते हुए मिर्जापुर की टीम ने तीन विकेट के पर जरूरी रन बना कर टूर्नामेंट का चैम्पियन बनी। विजेता टीम को कप के साथ एक टीवीएस स्पोट्स बाइक और उपविजेता टीम को कप के साथ रेंजर बाइक को अतिथियों ने प्रदान किया। मैंच का मैन ऑफ द मैंच मिर्जापुर के मलिंगा को जबकि मैन ऑफ द सिरिज मिर्जापुर के अंशु को दिया गया। मुखिया प्रतिनिधि कमलेश प्रसाद ने कहा कि खेल युवा भटकाव को रोकने का सबसे बड़ा माध्यम है। गांव में युवा ऊर्जा का भटकाव आज सबसे बड़ी समस्या के रूप में है, जिससे अभिभावक समाज के लोग जूझ रहे है। इसे रोकने और युवाओं को सही दिशा देने के लिए बड़े स्तर पर खेल को बढ़ावा देने की जरूरत है। मैंच को देखने के लिए काफी संख्या में युवा बच्चें और ग्रामीण जमा हुए थे। स्थानीय युवाओं में भी टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर खूब उत्साह दिखा। अतिथियो? ने टुर्नामेंट का आयोजक रहे अक्षय भगत, पप्पू राय, सोनू राय की सराहना की। मैंच की एम्पायरिंग उदय और परवेज ने, स्कोरिंग मनीष और रविन्द्र ने कमेन्ट्री डॉ. वहाब आलम, पप्पू ने की ।

## सड़क दुर्घटना में अज्ञात महिला हुई घायल, ईलाज के दौरान हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र एन एच 19 स्थित चित्रसेनपुर मोड़ स्थित सड़क दुर्घटना में बीते शाम एक महिला घायल हो गई.जहां खून से लटपथ विवाहित महिला को सोनपुर पुलिस ने उठाकर उसे सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया गया.जहां उसकी मौत हो गई है. सोनपुर पुलिस उस महिला की पहचान करने में जुट गई है। उक्त बात के जनकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनांदन ने रविवार के सुबह यह भी बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत हों गयी है। महिला के पर्स में सिर्फ रूपये रखा हुआ है। उसके पर्स से कोई भी पहचान के कागजात नहीं मिला है। महिला के उम्र 35 वर्ष के करीब होंगी. वह लाल रंग के शाल ओढ़े हुए थी। पुलिस सड़क मार्ग में लगे सीसीटीवी फूटेज को खंगालने में जुट गयी है।

## हैदराबाद - स्ट्रील फैक्ट्री विस्फोट में सारण के घायल मजदूर की मौत

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**हैदराबाद के मेदक जिले के मनोहराबाद मंडल रंगाईपल्ली क्षेत्र के एक स्टील फैक्ट्री में 15 दिसंबर को भीषण औद्योगिक विस्फोट में गंभीर रूप से घायल एक मजदूर की मौत शुक्रवार को हो गई।मृतक राजेश पाण्डेय(57) तरैया थाने के भेड़िया नारायणपुर गांव का बताया जाता है।मिली जानकारी के अनुसार रंगाईपल्ली स्थित अग्रवाल स्ट्रील कंपनी में कामकाज चल रहा था।अचानक हुई जोरदार विस्फोट के साथ ही फैक्ट्री में आग लग गई और कुछ ही मिनटो में आग की लपटों ने पूरी औद्योगिक इकाई को अपनी चपेट में ले लिया।इस हादसे में यूपी के अंशू कुमार नामक एक मजदूर की मौत मौके पर ही हो गई जबकि सारण के तरैया थाने के भेड़िया नारायणपुर के मजदूर राजेश पाण्डेय समेत तीन अन्य जख्मी हो गए।घायल राजेश पाण्डेय की मौत 17 दिसंबर को हो गई।

**हैदराबाद से शव पहुंचते ही परिजनो में मची चीख-पुकार -** हैदराबाद से मृत राजेश पाण्डेय का शव तरैया थाने के भेड़िया नारायणपुर गांव में पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।पत्नी ममता देवी अपने पति राजेश पाण्डेय का शव देखते ही मूर्छित होकर गिर पड़ी।वह बार-बार बेहोश हो जा रही थी।वह जब भी होश में आती अपने पति के शव से लिपटकर दहाड़ मारकर रोने लगती।भाई मुकेश पाण्डेय, राकेश पाण्डेय व राजू पाण्डेय, पुत्र अभिषेक पाण्डेय पुत्री अंजली कुमारी, नंदनी कुमारी के आंखो से आंसू सूखने का नाम नहीं ले रहा था।चाचा शिवपूजन पाण्डेय अपने भतीजा की मौत पर बेसूध पड़े हुए थे।मृत राजेश तीन भाइयो में सबसे बडा बड़ा था और वही घर का एक मात्र कमाऊ सदस्य था।

# मौलाना मज़हरुल हक़ के 159वें यौमे पैदाईश (22 दिसंबर) पर खिराज-ए-अक़ीदत

### डूबेंगे तो साथ, पार उतरेंगे तो साथ : मजहरुल हक



ठाकुर संग्राम सिंह

**छपरा ।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे योद्धा जिन्होंने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया उनमें मौलाना मजहरुल हक को अग्रिम पंक्ति का सेनानी माना जाता है. मजहरुल हक 1866 में पटना जिले के बिहटा के बिहपुरा के एक जमींदार परिवार में जन्मे तथा 1900 में सारण जिले के ग्राम फरीदपुर में जा बसे. हक़ साहब ने लंदन से क़ानून की उच्च शिक्षा प्राप्त की थी. लंदन में सभी धर्मों और फिरकों के लोगों को एक साथ लाने के उद्धेश्य से उन्होंने 'अंजुमन इस्लामिया' नाम से एक संस्था की स्थापना की जहां भारत की स्थिति और समस्याओं पर नियमित विमर्श हुआ करता था.महात्मा गांधी इसी संस्था में पहली बार मज़हरुल साहब से मिले थे. 1891 में बिहार लौटने के बाद पटना और छपरा में वक़ालत के साथ सामाजिक कार्यों में रूचि ने उनकी लोकप्रियता बढ़ायी. 1897 में बिहार के सारण जिले के भीषण अकाल के दौरान राहत कार्यों में उनकी बड़ी भूमिका थी. धीरे-धीरे देश के स्वाधीनता आंदोलन से उनका जुड़ाव होता चला गया.

**होम रूल के प्रथम अध्यक्ष बने -**1916 में बिहार में होम रूल मूवमेंट की स्थापना के बाद वे उसके प्रथम अध्यक्ष बने. अंग्रेजों के खिलाफ डॉ राजेन्द्र प्रसाद के साथ चंपारण सत्याग्रह में शामिल होने की वज़ह से उन्हें जेल की सजा भी हुई. जब महात्मा गांधी ने देश में असहयोग और ख़िलाफ़त आंदोलनों की शुरुआत की तो मज़हरुल हक़ ने अपना वकालत का पेशा और मेंबर ऑफ़ इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल का सम्मानित पद छोड़ दिया और पूरी तरह स्वाधीनता आंदोलन का हिस्सा हो गए.

**एकता की निशानी सदाकत आश्रम -**सदाकत उर्दू का शब्द है



जिसका अर्थ है सत्य यानी सदाकत आश्रम हुआ सत्य का आश्रम. स्वतंत्रता आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए 1920 में हक साहब ने पटना में अपनी सोलह बीघा ज़मीन दान दी जिसपर स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सदाकत आश्रम की और असहयोग आंदोलन के दौरान पढ़ाई छोड़ने वाले युवाओं की शिक्षा के लिए विद्यापीठ कॉलेज की स्थापना हुई. सदाकत आश्रम से उन्होंने 'मदरलैंड' नाम से एक साप्ताहिक पत्रिका भी निकाली जिसमें आज़ादी के पक्ष में अपने प्रखर लेखन के कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा. यह आश्रम आज़ादी के बाद बिहार कांग्रेस का मुख्यालय बना, लेकिन बहुत कम कांग्रेसियों को आज मौलाना साहब के योगदान और त्याग की याद होगी.

**घर को बना दिया आंदोलनकारियों का अशियाना -**फरीदपुर में स्थित मौलाना के घर का नाम 'आशियाना' है. जिसका अर्थ होता है ठिकाना. उस दौर में यह स्वतंत्रता सेनानियों का आश्रय-स्थल हुआ करता था. पंडित मोतीलाल नेहरू, सरोजिनी नायडू, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, मदन मोहन मालवीय सहित कई लोग इस घर के मेहमान रहे थे. मजहरुल साहब बिहार में शिक्षा के अवसरों और सुविधाओं को बढ़ाने तथा अनिवार्य एवं निःशुल्क प्राइमरी शिक्षा लागू कराने के लिए अरसे तक संघर्ष करते रहे. जहां वे पैदा हुए, उस घर को उन्होंने एक मदरसे और एक मिडिल स्कूल की स्थापना के लिए दान दे दिया ताकि एक ही परिसर में हिन्दू और मुस्लिम बच्चों की शिक्षा-दीक्षा हो सके.

**हिंदू मुस्लिम एकता के थे अलमबरदार -** देश की स्वाधीनता और सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने पर्दा प्रथा के खिलाफ जनचेतना जगाने का प्रयास किया था. वे देश की गंगा-जमुनी संस्कृति और हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रबल हिमायती थे. उनका कथन है - 'हम हिन्दू हों या मुसलमान, हम एक ही कश्ती के मुसाफिर हैं. डूबेंगे तो साथ, पार उतरेंगे तो साथ !'

### नाम पर बने यूनिवर्सिटी, सड़क और भवन

1930 में मृत्यु के पूर्व आखिरी दिनों में उन्होंने सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया था. स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की स्मृति में बिहार सरकार ने 1998 में मौलाना मज़हरुल हक़ अरबी एंड पर्शियन यूनिवर्सिटी की स्थापना की थी. पटना और छपरा में इनके नाम से शहर की एक प्रमुख सड़क भी है. वहीं छपरा के प्रसिद्ध अधिवक्ता पत्रकार और समाजसेवी शिवाजी राव आयदे ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की इक्षा पर 1968 में मजहरुल मेमोरियल ट्रस्ट की स्थापना की और हिंदू मुस्लिम एकता को समर्पित मजहरुल एकता भवन का निर्माण कराया जो शहर का एकमात्र प्रेक्षा गृह है. यहां एक बात और अति महत्वपूर्ण रूप से उल्लेखनीय है कि छपरा पूरे देश में एकलौता शहर है जहां मौलाना की प्रतिमा स्थापित है. हालांकि आयदे साहब को उस समय इसके लिए फतवे का सामना भी करना पड़ा था. उनके जयंती पर जहां बिहार सरकार व जिला प्रशासन राजकीय समारोह आयोजित करती है वहीं ट्रस्ट के तत्वावधान में कौमी एकता के नाम पर होने वाला अखिल भारतीय मुशायरा देश भर में आदर व सम्मान के साथ देखा जाता है. आयदे साहब के गुजरने के बाद बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति सलीम परवेज ने ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में कमान संभाला है और मौलाना और शिवाजी की याद का चराग रोशन रखा है ।

## पूर्व भाकपा जिला सचिव सुरेंद्र सौरभ को राज्य सचिव मंडल में चयनित किए जाने पर बधाइयों का तांता

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण) ।** पूर्व भाकपा जिला सचिव सुरेंद्र सौरभ को राज्य सचिव मंडल में चयनित किए जाने पर राज्य पार्टी सहित सुरेंद्र सौरभ को मढ़ौरा पार्टी ने बधाई दिया है। इसके साथ ही जिला सचिव रामबाबू सिंह को भी राज्य अंकेक्षण समिति में चयनित होने पर बधाई दिया है। मालूम हो कि सुरेंद्र सौरभ पूर्व से ही पार्टी के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य रहे हैं । पिछ्ले दिनों लगातार सक्रिय रह कर सौरभ ने राज्य भर में दौरा करके पार्टी को जो गति प्रदान किया है । इससे पार्टी का विकास हुआ है । पार्टी का और विकास हो और विकास की गति लगातार जारी रहे इस आशा और विश्वास के बूते पार्टी ने उन्हें राज्य सचिव मंडल में उन्हें नामित किया है । यह चयन राज्य पार्टी की शेखपुरा में हुए बैठक में राष्ट्रीय सचिव डी राजा की उपस्थिति में किया गया है । इसी बैठक रामबाबू सिंह को अंकेक्षणं समिति में भी रखा गया है । राज्य पार्टी द्वारा सारण के इन दोनो नेताओं को विशेष स्थान मिलने पर मढ़ौरा सहित पार्टी की जिला परिषद ने भी बधाई प्रेषित कर उन्हे शुभकामना दिया है । शुभकामना और बधाई देने वालो में जिला परिषद सदस्य प्रो. भूपेश भीम , प्रो रजाक हुसैन, भरत राय, अंचल सचिव संजय कुमार सिंह, संजय कुमार, संजीत कुमार सिंह, शहाबुद्दीन आदि पार्टी सदस्यों के नाम प्रमुख हैं ।

## बढ़ते ठंड को देखते हुए वर्ग 1 से 10 तक शैक्षणिक गतिविधि 23 दिसंबर तक रहेगी प्रतिबंध

**दैनिक खोज खबर/ छपरा/सोनपुर(सारण)।** सारण जिले में लगातार जारी भीषण ठंड और गिरते तापमान को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट वैभव श्रीवास्तव ने रविवार को आदेश जारी किया है कि बढ़ते ठंड व गिरती तापमान को देखते हुए बच्चों को सेहत को ख्याल करते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर पठन पाठन पर वर्ग 1-8 तक 21 दिसबर तक प्रतिबंध लगाए गए थे जिसे अब बढ़ाकर 23 दिसंबर कर दिया गया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए सोनपुर प्रखंड शिक्षा प्रभारी प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने रविवार के शाम यह भी बताया कि बढ़ती ठंढ को देखते हुए सभी सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थान वर्ग 1- कक्षा 10वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियां 21 दिसंबर 2025 तक की गई थीं। जिसे अब बढ़ते ठंड की गंभीरता को देखते हुए इस अवधि को 23 दिसंबर तक जिला दंडधिकारी के आदेशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों सहित कक्षा 10वीं (X) तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियां अब 23 दिसंबर 2025 तक पूर्ण रूप से प्रभावित रहेगी। जबकि कक्षा 10 वीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह 10:00 बजे से शाम 04:30 बजे तक रहेगा साथ ही उचित सावधानियों के साथ संचालित की जाएंगी। कानून के उल्लंघन करने वाले बख्से नहीं जाएंगे।

# फिट इंडिया के लिए खेलो इंडिया आवश्यक- सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल

**दैनिक खोज खबर/ जलालपुर(सारण)।** फिट इंडिया के लिए खेलो इंडिया आवश्यक है,उक्त बातें महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने जलालपुर हाई स्कूल में सांसद खेल महोत्सव की तैयारी के लिए स्थल निरीक्षण करते समय कही।उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 22 दिसंबर से 25 दिसंबर तक महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर किया गया है।22 दिसंबर को भगवान पुर के हिलसर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में इसका शुभारंभ किया जाएगा।वही 23 दिसंबर को कोल्हुआ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में महाराजगंज तथा जलालपुर के बीच में फुटबॉल प्रतियोगिता,और एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं व सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया है। वहीँ क ई अन्य प्रतियोगिताएं जलालपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में 24 दिसम्बर को आयोजित की जाऐगी। 25 दिसंबर को जलालपुर मे ही खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।इस दिन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जयन्ती पर प्रधानमंत्री स्वयं खिलाड़ियों को पूरे देश में एक साथ संबोधित करेंगे। यह खेल महोत्सव प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना है।उन्होंने बताया कि इस खेल महोत्सव में 5000 से ज्यादा युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।सभी का पंजीयन भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इस खेल महोत्सव का आयोजन का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं को स्वस्थ,अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करना है। मौके पर भाजपा सारण जिला पश्चिमी के जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी,राज्य परिषद सदस्य प्रमोद सिंह सिग्रीवाल, जिला उपाध्यक्ष गुड्डू चौधरी,सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष कुश पांडेय मो मुस्तफा विजय कुमार सिंह सहित क ई अन्य भी थे।



## कोर्ट का 4 साल बाद आया फैसला, बहरौली पंचायत चुनाव में धांधली की शिकायत को ठहराया निराधार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बहरौली पंचायत चुनाव को लेकर कोर्ट का फैसला मुखिया अजित सिंह के पक्ष में आया है।इस सन्दर्भ में बहरौली पंचायत के मुखिया व मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष अजित सिंह ने कहा कि कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है।यह तो होना ही था क्योंकि मेरा जीत बहरौली पंचायत की जनता जनार्दन की जीत है। आपको बताते चले कि पंचायत चुनाव 2021 में हुए पंचायत चुनाव में मुखिया अजित सिंह को जीत हासिल हुआ था, इस जीत काउंटिंग धांधली का आरोप लगाते हुए प्रतिद्वंदी अरविंद त्रिपाठी ने कोर्ट में जीत में धांधली का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। लगभग चार वर्ष में इसका जजमेंट आया है, इस जजमेंट में मुखिया अजित सिंह की जीत जायज ठहराया गया है। जांच पड़ताल में कोई अनियमितता सामने नही आया है।

# छपरा में रोटी बैंक का 7वां वार्षिकोत्सव, भूखों को भोजन उपलब्ध कराने के संकल्प का उत्सव




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अहिर्निश सेवामहे के संकल्प के साथ भूखे जरूरतमंदों तक भोजन पहुँचाने वाली सामाजिक संस्था रोटी बैंक का 7वां वार्षिकोत्सव बुधवार को सारण जिला मुख्यालय स्थित सिटी गार्डन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रेमेन्द्र रंजन बाजपेयी, फिजिक्स ओलंपियाड के गोल्ड मेडलिस्ट प्रो. डॉ. परमेन्द्र रंजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवेश दीक्षित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने रोटी बैंक द्वारा विगत सात वर्षों से निरंतर किए जा रहे मानवीय सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भूखे को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य है। रोटी बैंक ने समाज में सेवा और संवेदना की एक मजबूत मिसाल पेश की है।कार्यक्रम में रोटी बैंक के संस्थापक रविशंकर उपाध्याय सहित संस्था की सारण टीम ने शहर के अन्नदाताओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुखों तथा मीडियाकर्मियों को अंगवस्त्र व स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान संस्था के कार्यों में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



## मांझी में 900 लीटर अंग्रेजी शराब किया गया विनष्टीकरण



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना पुलिस ने शनिवार शाम लगभग 900 लीटर अंग्रेजी शराब नष्ट की। यह शराब विभिन्न मामलों में जब्त की गई थी। मांझी के थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी देव आशीष हंस ने बताया कि यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देश पर की गई। इस दौरान राजस्व पदाधिकारी रोजी कुमारी भी मौजूद थीं। अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब को थाना परिसर में जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया। विनष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि शराबबंदी को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## शिक्षक दिवस समारोह में जुटें शिक्षा जगत के दिग्गज

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चरिहारा गांव में पूर्व प्रधानाचार्य स्व दिनेश्वर सिंह की 17 वीं पुण्य स्मृति पर शिक्षक सह प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटनू दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं मौके पर पूर्व प्रधान बच्चा प्रसाद सिंह, पूर्व प्राचार्य रबिंद्र नाथ सिंह , अखिलेश सिंह, शिक्षक बिनय सिंह पिंकू, जदयू नेता रामाधार सिंह, कांग्रेस नेता



केदारनाथ सिंह, राजेंद्र प्रसाद, गोविंद रस्तोगी , आकाश सिंह लालू समेत सैकड़ों छात्र छात्राएं और अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक स्व दिनेश्वर सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। उसके बाद शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया और छात्र छात्राओं के बीच सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें विजेता हुए छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## जमीनी विवाद में मारपीट में पिता पुत्र घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के नवादा गांव में जमीनी विवाद में जमीन पर कब्जा करने की नियत से पहुंचने पर विरोध करने पर मारपीट में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। घायल नवादा गांव निवासी 63 वर्षीय उमाकांत मिश्रा और उनका 38 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार मिश्रा हैं। घायल दोनों का ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों ने बताया कि थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया गया कि वे सभी दरवाजे पर थे उसी दौरान उनकी जमीन पर कब्जा करने की नियत से कोशिश की गयी उसी का विरोध किया गया तों मारपीट की गयी।

## गुमटीनूमा दो दुकान में लगी आग

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर के पास दो दुकानों में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और सब कुछ जलाकर राख कर दिया। घटना के बारे में बताया गया कि टीमल राम की जूते चप्पल की मरम्मत की दुकान में आग लगीं,आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया, लेकिन आग के विकराल रूप ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया वहीं बगल के सुशील कुमार की चाय की दुकान की ढटर, तिरपाल भी जलकर राख हो गया। टीमल राम की जूते चप्पल मरम्मत की दुकान में मरम्मत और उनके द्वारा बनाए नये जूते चप्पल समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया।

## जलालपुर की परिधि तिवारी बनी इंडिगो केबिन क्रू

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** प्रखंड के जलालपुर गांव की परिधि तिवारी इंडिगो एयरलाइंस में केबिन क्रू बनी है। स्व0 अवधेश तिवारी की प्रपौत्री व पिता संजय तिवारी, माता रीमा तिवारी, चाचा दिलीप तिवारी, चाची वंदना तिवारी की लाडली बचपन से ही एयर होस्टेस बनना चाहती थीं।उसकी प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई है।वहीं 10वीं और 12वीं की उसकी शिक्षा जी बी मेमोरियल इंस्टीट्यूशन कोलकाता से हुई है।उसकी



ज्वाइनिंग चेन्नई में हुई है। उसकी सफलता पर गांव और घर में जश्न का माहौल है। परिधि की सफलता पर क ई गणमान्यों महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल,तरैया विधायक जनक सिंह, जलालपुर पैक्स अध्यक्ष अखिलेश तिवारी , पूर्व मुखिया मुन्ना मिश्रा,एवं भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी,, बड़े मामा संजय बाबा श्यामपुर विनय तिवारी,रंजय तिवारी, सुधीर तिवारी सहित क ई अन्य ने बधाई दी है।

## शिव मंदिर के पुजारी की मौत, भक्तों में शोक

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** खैरा पंचायत रामपुर कला गांव स्थित शिव मंदिर के पुजारी 86 वर्षीय हरिनारायण गिरी जी का निधन रविवार दोपहर में हो गया। जिसकी खबर क्षेत्र में फैलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए और वह लगभग छह दशक से मंदिर पर रह कर बाबा भोलेनाथ जी की सेवा कर अपना कर्म भूमि बना लिए थे। मौत की खबर सुनते ही उनके भक्तों का जमावड़ा लग गया और सभी गाजे बाजे के साथ अश्रुपूरित अंतिम विदाई दी। इन्हें रिवीलगंज स्थित सिमरिया घाट पर अंतिम संस्कार किया गया और ग्रामीणों ने आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर ओमप्रकाश उपाध्याय, वेद प्रकाश उपाध्याय, हरि नारायण गिरी जी के सुपुत्र सोमनाथ गिरी, उनके पुत्र आशुतोष कुमार गिरि, अरविंद कुमार गिरी, मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह, राजीव सिंह, मनोज पांडेय, पूर्व मुखिया शत्रुघ्न भक्त, अखिलेश्वर सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण व जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

## शिक्षकों के समस्याओं को निदान को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने नयागांव में की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के गोगल सिंह उच्च विद्यालय नयागांव में शिक्षकों के बकाया वेतन एवं अन्य तरह के भुगतान से संबंधित समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु सोनपुर अनुमंडल के तीनों प्रखंडों सोनपुर, दरियापुर एवं दिघवारा के शिक्षकों के लिए शिक्षक दरबार का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण निशांत किरण के नेतृत्व में हुआ । उक्त बातों की जानकारी देते हुए अमर नाथ ओझा ने रविवार को बताया कि जिला



शिक्षा पदाधिकारी, सारण निशांत किरण के द्वारा सोनपुर प्रखंड के 96 दरियापुर प्रखंड के 52 एवं दिघवारा प्रखंड के 41 शिक्षकों के समस्याओं को सुनते हुए यथासंभव अधिकांश समस्याओं का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया एवं कुछ समस्याओं को जल्द निपटाने का आश्वासन शिक्षकों को दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ इस शिक्षक दरबार में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना, सारण धनंजय पासवान, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सोनपुर प्रमोद कुमार त्रिपाठी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, दिघवारा श्रीमती प्रियंका कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, दरियापुर राजेश कुमार के साथ जिला स्थापना शाखा के कर्मी एवं तीनों प्रखंड के सहायक लेखापाल भी उपस्थित थे। शिक्षक दरबार के सफल आयोजन में अमर नाथ ओझा शिक्षक,अरुण कुमार तिवारी, प्रधानाध्यापक, गोगल सिंह उच्च विद्यालय नयागांव, सोनपुर ने महती भूमिका निभाई।

# छपरा : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से संबद्ध लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा संचालित विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर के प्रांगण में रविवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य समाज में नारी शक्ति की भूमिका को रेखांकित करना और श्रीमद् भागवत गीता में वर्णित नारी की सप्तशक्तियों को जागृत कर समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लेना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीमा सिंह (अध्यक्ष,प्राइवेट विद्यालय असोसिएशन), कार्यक्रम अध्यक्षा डॉक्टर प्रोफेसर सुधा बाला (जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा हिंदी विभागाध्यक्ष), विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर निधि (राजेंद्र कॉलेज, प्राध्यापक ), सिम्मी कुमारी (प्रधानाचार्य, महावीरी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर,सिवान ), आशा रंजन





(विभाग संयोजिका , सप्तशक्ति संगम) ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संयोजिका आचार्या गीतांजलि कुमारी एवं संगीता कुमारी के नेतृत्व में आचार्या नीलू कुमारी ने अतिथियों का स्वागत और परिचय करवाया। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए सिमी जी (प्रधानाचार्य,बालिका सरस्वती विद्या मंदिर, सिवान) ने कहा कि भारतीय नारी देवी की प्रतिमूर्ति होती है। जो समय-समय पर दुर्गा, काली और चंडी का रूप धारण कर समाज का कल्याण करती है। आशा रंजन (विभाग संयोजिका ) ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने स्व को जाने और अपने परिवार,कुटुंब को भारतीय संस्कार को भरते हुए अपने पर्यावरण को बचाने का कार्य करें।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ निधि ने नारी के सात गुणों - कीर्ति, श्री, वाक् ,स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की इन शक्तियों को आत्मसात कर महिलाएं समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। मुख्य अतिथि सीमा सिंह ने महिलाओं को अपने आंतरिक शक्तियों को पहचानने और समाज निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया कि एक शिक्षित और सशक्त नारी ही उन्नत समाज की आधारशिला है। कार्यक्रम अध्यक्षता सुधा बाला ने कहा कि परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति में माता का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। परिवार प्रथम पाठशाला है और मां प्रथम गुरु है। हमें अपने आंतरिक शक्तियों की पहचान कर उन्हें जागृत करने की आवश्यकता है। विद्यालय के मीडिया प्रभारी अनिल कुमार आजाद ने बताया कि कार्यक्रम का आभार प्रकट करते हुए आचार्या संगीता कुमारी ने सप्तशती संगम मातृशक्ति के उस ऊर्जा का प्रतीक बताई जो समाज ,संस्कृति, शिक्षा और राष्ट्र को सुदृढ़ आधार प्रदान करती है। नारी केवल परिवार की धुरी नहीं बल्कि समाज की चेतना और राष्ट्र की शक्ति है। आचार्या दर्शना सिंह एवं रंजीत रंजन ने एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित की जिसका उद्देश्य धर्म एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रश्नोत्तरी में मातृशक्ति से धर्म और संस्कृति से जुड़े कई सवाल पूछे गए । सही उत्तर देने वाले प्रत्येक प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या स्वाति सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में विभाग निरीक्षक अनिल कुमार राम, विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के राजेश्वर प्रसाद यादव (उपाध्यक्ष),सुरेश प्रसाद सिंह ( सचिव ), पूर्णेंदु रंजन, डॉक्टर ओंकार नाथ, मनोज कुमार श्रीवास्तव, सुरभि दत्त, राहुल कुमार मेहता (सदस्य) एवं कुमार विजय रंजन (प्रधानाचार्य, महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजय हाता, सिवान), कमलेश कुमार मिश्र (प्रधानाचार्य, सरस्वती शिशु मंदिर, सिवान) सहित सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## प्रशासन की अनदेखी : सोनपुर पुरानी गंडक पुल जाम होने से राहगीर से लेकर मरीज लगातार हो रहे परेशान

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर-हाजीपुर पुरानी गंडक सड़क पुल मार्ग पर वर्षो से आए दिन जाम लगने के कारण राहगीरों को काफी आवागमन में परेशानी हो रही है। रविवार के दिन पुराने गंडक पुल पर जाम से यात्री के साथ-साथ एम्बुलेंस में मरीज भी जीवन और मौत से जूझते नजर आए । जाम इतनी थी कि जोहरी बाजार से लेकर महेश्वरी चौक तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। यहां तक की पैदल चलने वाले यात्रियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस बल के लोग पहुंचे और जाम को छुटकारा दिलाने की कोशिश की लेकिन जाम इतनी थी कि उन्हें भारी मशक्कत करने के बावजूद भी जाम की छुटकारा दिलाने में कठिन परिश्रम करते नजर आए। पुरानी गंडक पुल पर जाम लगने का मुख्य वजह है कि लगभग डेढ़ सौ साल पुराने पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है लेकिन लोगों की जल्दी निकलने के होड़ व यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए इस पुल पर तीन चक्का वाहन के साथ-साथ चार चक्के के बोलोरो, स्कार्पियो अन्य वाहनों के आवागमन के कारण जाम लगना नियति बन चुकी है । बता दें कि यह पुल से सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के अलवा सितलपुर तक के लोगो के लिए मुख्य मार्ग है यहां तक के पहलेजाघाट , नयागांव से लेकर सबलपुर चारो पंचायत, वासियों के अलावा पटना से आने-जाने वाले वाहनों के साथ आपात स्थिति में रोगियों को सदर अस्पताल हाजीपुर तक पहुंचाने का लाइफ लाइन भी है। इस पुल से जब इमरजेंसी मरीज को लेकर एंबुलेंस आ जाता है तब मरीज के साथ चल रहे परिवार के सदस्यों भी संकट में पड़ जाती है और मरीज जिंदगी व मौत से जूझते रहते है वही जाम में फंसे रखकर मरीज के साथ जाने वाले लोग भी ईश्वर से जाम से मुक्ति की गुहार लगाते रहते हैं ।अक्सर 4 चक्के वाहन पुरानी गंडक पुल से ही होकर निकलना चाहते हैं. परिणाम स्वरुप वह भी जाम में फंस जाते हैं कभी-कभी तो जाम ऐसा लगता है कि हाजीपुर की जोहरी बाजार से लेकर सोनपुर के महेश्वरी चौक से आगे पंजाब नेशनल बैंक तक वाहनों की लंबी लाईन लग जाता है। इस नियमित जान का निदान निकालने के लिए प्रशासन अभी तक मौन है । इस पुल पर जाम उस वक्त लग जाती है जब कार, बोलेरो, स्कार्पियो गुजरते हैं तो दोनों छोड़ पर पुलिस बल अगर तैनात रहती तो निश्चित ही न तो जाम आए दिन लगती न ही वाहन चालक एक -- दूसरे से आगे निकालने की होड़ लगाते। जाम लगने के कारण राहगीरों को पैदल चलना भी मुश्किल हो जा रहा है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन इस गंभीर समस्याओं को ध्यान में रखते हुए दोनों छोर पर पुलिस बलों को तैनात कर दे तो निश्चित ही इस जाम से छुटकारा मिल सकती है।

## बनियापुर के पिठौरी पंचायत में पूर्व समिति सदस्य के घर भीषण चोरी, 43 लाख से अधिक की संपत्ति लूटी

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** थानाक्षेत्र के पिठौरी पंचायत में पूर्व समिति सदस्य गोविंदा सिंह के घर शनिवार की रात भीषण लूट की वारदात सामने आई है। दो बाइक पर सवार चार की संख्या में आए हथियारबंद लुटेरों ने पिस्टल के बल पर घर के सभी सदस्यों को बंधक बना लिया और करीब 43 लाख रुपये से अधिक की आभूषण और नकदी लूट ली। पीड़ित गृहस्वामी के अनुसार घटना रात करीब आठ बजे की है। लुटेरों ने सबसे पहले घर में मौजूद सभी मोबाइल फोन जब्त कर लिए, ताकि कोई बाहरी संपर्क न हो सके। इसके बाद सभी सदस्यों को एक कमरे में बंधक बना लिया। फिर एक एक कमरे की तलाशी लेकर घर में रखे पेटी तथा गोदरेज को कटर की मदद से काट कर उनमें रखे 40 लाख रुपये की कीमती आभूषण निकाल लिए। तीन लाख नकदी भी लुटेरे अपने साथ ले गए। वारदात के दौरान घर के लोग भयाक्रांत रहे और विरोध नहीं कर सके। चोरों के फरार होने के बाद घरवालों ने स्थानीय बनियापुर थाना को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। देर रात पुलिस कप्तान भी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से जानकारी ली। फिलहाल पुलिस आसपास के इलाकों में छानबीन कर रही है और चोरों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

बनियापुर थानाक्षेत्र के पिठौरी में हुई भीषण लूटपाट की घटना के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। चोरों की पहचान और उनके भागने के रास्ते का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस मुख्य सड़कों, चौराहों, दुकानों और निजी प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। फुटेज के आधार पर चोरों की संख्या, उनकी गतिविधियों और संभावित ठिकानों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। देर रात घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस कप्तान के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। चोरी की घटना के बाद पिठौरी समेत आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है, वहीं लोग पुलिस से शीघ्र खुलासे की मांग कर रहे।

# जानलेवा हो चुका है वायु प्रदूषण दिल्ली त्रासदी की असल तस्वीर

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** भारत की राजधानी दिल्ली आज जिस समस्या से जूझ रही है, वह केवल एक नगर की समस्या नहीं बल्कि देश-दुनिया के सामने एक भयावह चेतावनी है। वायु प्रदूषण ने यहां जीवन को इस हद तक प्रभावित कर दिया है कि लोग साफ हवा में सांस लेने के लिए तरस रहे हैं। यह समस्या मौसमी अब नहीं रही, बल्कि एक स्थायी आपदा का रूप ले चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि वायु प्रदूषण न केवल हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है, बल्कि हमारी जीवन प्रत्याशा, आयु और जीवन गुणवत्ता को सीधे-सीधे प्रभावित कर रहा है। आज दिल्ली-एनसीआर एक ऐसे स्मॉग के जाल में फंस चुका है, जिससे बाहर निकल पाना कठिन होता जा रहा है। सड़कों पर धुंध की मोटी परत ने विजिबिलिटी को लगभग खत्म कर दिया है। वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है, उड़ानों पर असर पड़ रहा है, और



नीरज कुमार

आम जिंदगी का हर हिस्सा बाधित है। यह केवल धुंध नहीं, बल्कि जहरीले कणों से भरा एक ऐसा वातावरण है जो धीरे-धीरे लोगों के फेफड़ों, दिल और दिमाग में जहर भर रहा है।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 356 दर्ज किया गया है, जो 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। लेकिन विशेषज्ञों का दावा है कि कई हिस्सों में यह स्तर इससे भी अधिक है। ग्रामीण-शहरी सीमांत इलाकों में,त्त्फ्छ कई बार 400-500 तक जा पहुंचता है। इस स्तर की हवा में सांस लेना दिन में कई सिगरेट पीने के बराबर माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर के अस्पतालों में श्वसन और हृदय संबंधी मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बुजुर्गों और बच्चों की हालत सबसे अधिक खराब हो रही है। सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, गले में सूजन, त्वचा संबंधी रोग, एलर्जी, दिल के दौरे और स्ट्रोक जैसी समस्याएं बढ़ गई हैं। यह स्थिति बताती है कि वायु प्रदूषण केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार लंबे समय तक प्रदूषित हवा के संपर्क में रहने से– स्ट्रोक और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता है, कार्डियोवस्कुलर और श्वसन रोग तेजी से विकसित होते हैं, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर, जैसे डिमेंशिया और अल्जाइमर के मामले भी बढ़ रहे हैं। बच्चों की स्मरण शक्ति और मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है।

इसके साथ ही आर्थिक नुकसान का एक विशाल चक्र भी सक्रिय है। लोग बीमार पड़ रहे हैं, उत्पादकता घट रही है, दवाइयों पर खर्च बढ़ रहा है और पर्यटन-व्यापार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। आने वाले वर्षों में यह आर्थिक बोझ अरबों-खरबों रुपये तक पहुंच सकता है।दिल्ली में वायु प्रदूषण चेतावनी नहीं, खतरे की घंटी है। अगर हम आज नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन का अधिकार कैसे देंगे? सांस लेने की आजादी सबसे बड़ा मानव अधिकार है–और दिल्ली आज उसी अधिकार से वंचित हो रही है। अब समय है कि हम इस समस्या को मानवता की समस्या समझकर समाधान की ओर कदम बढ़ाएं, इससे पहले कि हवा हमें पूरी तरह खत्म कर दे।

# नवनियुक्त प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी से मुलाकात कर इंजीनियर जयप्रकाश सिंह ने दी बधाई

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा के सचिव, भाजपा नेता व सारण स्नातक विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर जयप्रकाश सिंह ने राजधानी पटना पहुंचकर भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर इंजीनियर जयप्रकाश सिंह व भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू भैया ने संजय सरावगी को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभालने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान इंजीनियर जयप्रकाश सिंह ने कहा कि संजय सरावगी के नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगी। साथ ही राज्य



में विकास व जनकल्याण की नीतियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वहीं संजय सरावगी ने भी बधाई व शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने व जनसमस्याओं के समाधान के लिए समन्वित प्रयास करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें राज्य की समसामयिक राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों व आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। वहीं इस मुलाकात को राजनीतिक व सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## शामकौरिया में गोमती नगर ट्रेन के ठहराव की मांग

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** तरैया विधानसभा क्षेत्र का एकमात्र रलवे स्टेशन शामकौरिया में गोमती नगर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग सारण जिला भाजपा पश्चिमी के जिला मंत्री सोनू कुमार सिंह उर्फ कुंवर सोनू ने रेल मंत्री से की है। साथ ही दो जोड़ी डीएमयू ट्रेन चलाने तथा शामकौरिया रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर खोले जाने की भी मांग की है। स्थानीय महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के माध्यम से रेलमंत्री को दिए गए मांग पत्र में कुंवर सोनू ने कहा है कि छपरा-थावे रेलखंड पर स्थित तरैया विधानसभा का इकलौता रेलवे स्टेशन शामकौरिया से रेलवे की अच्छी-खासी राजस्व की प्राप्ति होती है। बावजूद यह रेलवे स्टेशन विभागीय उपेक्षा का शिकार है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों यात्री जिला मुख्यालय छपरा बाजार करने, कोर्ट कचहरी तथा छात्र-छात्राएं पठन-पाठन के लिए कॉलेज तथा कोचिंग संस्थान जाते हैं। जिसके लिए कार्यालय समय पर जाने व आने के लिए एक भी रेलगाड़ी नहीं है। जिससे उन्हें 5 से 10 किलोमीटर दूर जाकर सड़क मार्ग से जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। जिससे समय की काफी बर्बादी होती है। वहीं अधिक रुपए भी खर्च करने पड़ते हैं। आम लोगों को यातायात संबंधी समस्याओं से अवगत होते हुए सांसद सिग्रीवाल ने भाजपा नेता एवं आम लोगों को आश्वस्त किया है कि उनकी मांगे शीघ्र पूरी होंगी।

ठ्ठठ्ठ

## सोनपुर में जदयू की सदस्यता अभियान की हुई शुरुआत

**दैनिक खोज खबर सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र में जनता दल यूनाइटेड की ओर से वर्ष 2025 से वर्ष 2028 के लिए सदस्यता अभियान का शुरुआत करते हुए रविवार को जदयू प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद भारती के अध्यक्षता में गोपालपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आनंद किशोर को राज सलाहकार परिषद के सम्मानित सदस्य एवं सोनपुर विधानसभा प्रभारी देव शंकरपाल ,सोनपुर प्रखंड प्रभारी शैलेंद्र प्रताप सिंह के उपस्थिति में सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे शंकर मालाकार प्रदेश सचिव अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, कामेश्वर महतो जिला महासचिव, सुरेश सिंह जिला महासचिव, विजय कुमार दांगी ,जिला महासचिव, दिनेश साहनी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, सत्येंद्र राम महा दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ,सुधीर कुमार सिंह प्रखंड उपाध्यक्ष ,शिव प्रसाद महतो प्रखंड उपाध्यक्ष, शवीरेंद्र सैनी प्रखंड महासचिव , उमाकांत सिंह प्रखंड उपाध्यक्ष सह वीससूत्री सदस्य ,रवी मोहन सिंह 20 सूत्री सदस्य शह मंडल अध्यक्ष सेवा दल, रत्नेश कुमार चौधरी नगर अध्यक्ष, राम कुमार राम नगर उपाध्यक्ष सहित दर्जनों कार्यकर्ता व पंचायत अध्यक्ष इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### 11 शराबी व चार तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** उत्पाद विभाग ने 24 घंटे में कार्रवाई करते हुए 11 शराबी व चार तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि बीस दिसंबर को उत्पाद विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 11 शराबियों व चार शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बताया कि विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 293.800 लीटर अवैध देसी शराब एवं 19.155 लीटर विदेसी शराब बरामद की गई। साथ ही चार दो पहिया वाहन सहित अन्य सामान को जब्त किया गया है।

### अलग-अलग जगहों से शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मैरवा थाना क्षेत्र के नौतन मोड़, लंगड़ा मोड़, नौतन मोड़ नहर पुल व सराय थाना क्षेत्र के अतरसुआ से शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया वहीं शराब लदे चार बाइक को भी जब्त किया है। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि टीम द्वारा शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर पहली छापेमारी मैरवा थाना क्षेत्र के नौतन मोड़ के समीप की गई। जहां से सअनि विरेंद्र कुमार ने एक बाइक से 90 बोतल शराब के साथ एक तस्कर सह चालक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर आंदर थाना क्षेत्र के आंदर निवासी आशीष कुमार है। बताया कि दूसरी छापेमारी सराय थाना क्षेत्र के अतरसुआ में की गई थी जहां सअनि विरेंद्र कुमार ने एक व्यक्ति द्वारा झाड़ी में छुपाकर रखे गए स्थान से 66.000 देसी शराब बरामद की। गिरफ्तार उक्त गांव निवासी अंकित कुमार है। बताया कि तीसरी छापेमारी मैरवा थाना क्षेत्र के नौतन मोड़ नहर पुल के समीप की गई थी, जहां सअनि कृष्णा पासवान द्वारा एक बाइक से 48 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार मैरवा थाना क्षेत्र के उपाध्या छापर निवासी संजय कुमार है। चौथी छापेमारी मैरवा थाना क्षेत्र के लंगड़ा मोड़ की गई थी जहां सअनि कृष्णा पासवान द्वारा दो बाइक से 180.000 लीटर शराब बरामद किया गया। हालांकि दोनों बाइक के चालक सह शराब तस्कर मौके से भागने में सफल रहे। जिसकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### कोहरे के कारण दर्जनों ट्रेनें कई घंटे लेट

**सिवान।** घने कोहरे का असर रेल परिचालन पर भी साफ नजर आ रहा है। जंक्शन से गुजरने वाली करीब एक दर्जन से अधिक ट्रेनें रविवार को विलंब से चलीं। इनमें वैशाली एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों एक घंटे से दस घंटे तक लेट रही हैं। ट्रेनों के लेट होने के कारण गाड़ियों के इंतजार में यात्रियों को जंक्शन पर घंटों ठिठुरना पड़ा। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामान करना पड़ा। रविवार को 15566 वैशाली एक्सप्रेस छह घंटे 17 मिनट, 12522 राप्ती सागर एक्सप्रेस एक घंटे, 15270 जनसाधारण एक्सप्रेस (अनारक्षित) दो घंटे 41 मिनट, 15279 पूरबिया एक्सप्रेस एक घंटे 34 मिनट, 12203 सहरसा-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस एक घंटे 41 मिनट, 05905 डिब्रूगढ़-लखनऊ स्पेशल बीस घंटे, 13020 बाघ एक्सप्रेस दो घंटे 37 मिनट, 13019 बाघ एक्सप्रेस पांच घंटे बीस मिनट, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल दो घंटे 44 मिनट, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल छह घंटे 16 मिनट, 55056 गोरखपुर-छपरा पैसेंजर एक घंटे, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल आठ घंटे 50 मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल 11 घंटे 48 मिनट के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची।

### गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने किया हंगामा

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** सदर प्रखंड के मर्दापुर गांव स्थित डा. अंबेडकर एचपी गैस एजेंसी पर शनिवार शाम उपभोक्ताओं ने हंगामा किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने एजेंसी के बाहर प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि एजेंसी संचालक रसोई गैस सिलेंडर को निर्धारित मूल्य से अधिक दामों पर बेच रहे हैं और कई उपभोक्ताओं को लंबे समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना था कि एजेंसी पर बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल रहा। जब गैस सिलेंडर उपलब्ध होता है तो उसे अधिक दाम में अन्य लोगों से बिक्री कर दिया जाता है। हंगामा बढ़ता देख मौके पर डायल 112 की पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने एजेंसी संचालक को नियमों का पालन करने की हिदायत दी। वहीं एजेंसी संचालक नागेंद्र कुमार ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि लगभग एक सप्ताह से एजेंसी में गैस का स्टाक नहीं है, इसलिए सिलेंडर वितरण नहीं हो पा रहा।

### ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सराय मोड़ के समीप शनिवार की संध्या एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर बीच सड़क पर पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक व उपचालक घायल हो गए, ट्रक पलटने की आवाज सुनकर मुख्य पथ पर काफी संख्या में लोग पहुंचे और ट्रक के अंदर फंसे दोनों लोगों को किसी तरह से बाहर निकाल कर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भिजवाया। इस दौरान बबुनिया मोड़- जंक्शन मुख्य पथ पर कुछ देर के लिए जाम भी लग गया। वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और यातायात पुलिस ने ट्रक को क्रेन की मदद से सीधा करने के बाद सड़क से हटवाया। इसके बाद देर रात से सड़क पर आवागमन सामान्य हो गया। मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक सीमेंट लोड कर काफी तेजी से जा रहा था। वह जैसे ही सराय मोड़ समीप पहुंचा था कि सड़क के बीचोबीच बने डिवाइडर से अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि जिस दौरान ट्रक सड़क पर पलटा उस समय सड़क पर लोगों की आवाजाही काफी कम थी इस कारण कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

# सहज राजयोग की शिक्षा से समाज का उत्थान व चरित्र निर्माण करना उद्देश्य

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र का मना 38वां वार्षिकोत्सव**

**दैनिक खोज खबर/परवेज अख्तर/ सीवान।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र परमात्म दर्शन भवन महावीरी पथ के सेवा केंद्र का 38वां वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुधा दीदी, मंडल कारा अधीक्षक देवाशीष कुमार सिंन्हा ने संयुक्त रूप से केक काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। साथ ही उपस्थित लोगों को बधाइयां व शुभकामनाएं भी दी। तत्पश्चात दीदी ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मुख्य उद्देश्यों के बारे में बताया कि इसकी स्थापना 1936 में परमपिता परमात्मा शिव निराकार द्वारा सिंध हैदराबाद में की गई थी। साथ ही बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज में मूल शिक्षा, आध्यात्मिक ज्ञान और सहज राजयोग की शिक्षा द्वारा समाज का उत्थान एवं चरित्र निर्माण करना है। उन्होंने सच्ची जागरूकता के लिए मन की स्वच्छता विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि जब तक जीवन में मन की स्वच्छता नहीं होगी, बुद्धि दिव्य नहीं बनेगी। प्रेम भाई, निर्मल भाई, ओमप्रकाश भाई, विमल भाई, अनिल भाई ने संयुक्त रूप से कहा कि परमात्मा कहते हैं कि जो बच्चे मेरे बताए




ज्ञान मार्ग पर चलते हैं तो ऐसे बच्चे भगवान को पसंद होते हैं। ऐसे में हमारा दायित्व समाज के प्रति अधिक बढ़ जाता है। हमारे कर्म ऐसे हों, जिन्हें देखकर दूसरे प्रेरणा ले सकें। हमें इस दुनियावी संसार में रहते हुए अपनी योग साधना पर पूरा फोकस रखना है। परमात्मा ने हमें संगमयुग पर इतना श्रेष्ठ और महान कार्य दिया है। यह सदा स्मृति में रहेगा तो हमारे कर्म अपने आप महान और दिव्य बन जाएंगे। रिंकी बहन ने कहा कि विश्व में आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों की पुर्नस्थापना द्वारा सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए विभिन्न स्तरों पर यह संस्था प्रयासरत है और आगे भी प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम में डा. आशुतोष कुमार सिन्हा, डा. पीके गिरि, डा. विनय भूषण सिंह, डा. राम इकबाल गुप्ता, डा. कंचन माला सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया राणी सती का 37वां शरद महोत्सव



**दैनिक खोज खबर/परवेज अख्तर/सीवान।** श्रद्धानंद बाजार स्थित काली दुर्गा मार्केट में नारायण मंडल सह दादी युवा परिवार के तत्वावधान में रविवार को महासती राणी सती दादी का 37वां शरद महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दादी युवा परिवार द्वारा रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे से फतेहपुर स्थित दादी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा अस्पताल रोड, दरबार रोड, जेपी चौक होते हुए पुन: कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। महिलाएं अपने हाथों में झंडा लिए माता की अराधना में लीन थीं। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर 24 घंटे अखंड ज्योति जलाई गई। वहीं रात्रि में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम कोलकाता, पटना व आनंदनगर से आए कलाकारों द्वारा किया गया। मंगलपाठ एवं भजन के उपरांत दादी की महाआरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। वहीं चुनरी उत्सव व गजरा उत्सव मनाया गया। नारायण मंडल के सदस्य राजीव कुमार झुनझुन वाला ने बताया कि प्रभात फेरी में झांकी भी प्रस्तुत की गई। दादी को छप्पन भोग भी लगाया गया। इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर आनंद गोल्यान, राजकुमार, रविशंकर नागलिया, प्रिंस कुमार झुनझुनवाला, सुनील अग्रवाल, सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## कार्रवाई : छापेमारी में भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनी के हार्पिक, टाइड व घड़ी डिटर्जेंट का नकली पैकेजिंग बरामद

**दैनिक खोज खबर (संवाद सूत्र)। चांदी (भोजपुर)।** थाना चांदी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनी का नकली हार्पिक, टाइड व घड़ी डिटरजेंट पावडर का पैकेजिंग बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान नकली डिटर्जेंट बनाने व बेचने के आरोप में सुशील कुमार (पिता-कपिल कुमार), निवासी-नसवीपुर, थाना-चांदी, जिला-भोजपुर (आरा) के घर से नकली उत्पाद, लूज सर्फ, खाली बोतलें, लिक्विड तथा स्टिकर बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार आरोपी नकली हार्पिक, टाइड व घड़ी सर्फ तैयार कर आसपास के बाजारों की दुकानों में सप्लाई करता था। रेक्टि बेंकाइज तथा पीएनजी कंपनी की ओर से सूचना देने वाले रणजीत द्वारा शिकायत किए जाने के बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर छापेमारी की गई। छापेमारी में करीब 1500 हार्पिक की बोतल/स्टिकर, 1000 पीस भरा हुआ टाइड सर्फ तथा 700 पीस भरा व रैपर घड़ी सर्फ बरामद किया गया। पुलिस ने सभी सामग्री जब्त कर ली है। मामले में अभियुक्त के विरुद्ध कॉपीराइट अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस द्वारा आगे की जांच कार्रवाई जारी है।



## रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ी बाइक को बिहार संपर्क ट्रेन ने मारी टक्कर

**परवेज अख्तर/सीवान।** जंक्शन-पचरुखी स्टेशन के बीच जसौली गांव में रविवार को रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ी बाइक को 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि रविवार को आन ड्यूटी स्टेशन मास्टर द्वारा मेमो दिया गया कि गाड़ी संख्या 12565 के लोको पायलट द्वारा मेमो प्राप्त कराया गया है कि सिवान जंक्शन-पंचरुखी के मध्य किमी नंबर 381/21-19 के मध्य रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ी दो पहिया वाहन से गाड़ी संख्या 12565 का इंजन टकरा गया है। उक्त मेमो के अनुसार आरपीएफ के उप निरीक्षक संजय कुमार पांडेय साथ स्टाफ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर देखा गया कि उक्त किमी पर अप लाइन के दक्षिण तरफ एक बाइक क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी हुई थी। उक्त बाइक का चालक फरार था। मौके पर टीआई विवेकानंद, जेई पी वे दारौंदा बबलू कुमार मौजूद थे। उक्त बाइक को कब्जे में लेकर आरपीएफ पोस्ट पर लाया गया। आरपीएफ ने आस-पास के स्थानीय लोगों से उक्त बाइक के चालक सह स्वामी के बारे में पूछताछ की गई लेकिन कोई जानकारी नहीं प्राप्त हो सकी।

## माघ मेला को लेकर चलाया जाएगा दो अनारक्षित रिंग रेल सेवा

**परवेज अख्तर/सीवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक जनवरी से 17 फरवरी तक प्रतिदिन दो अनारक्षित रिंग रेल सेवा चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05101 झूसी-गाजीपुर सिटी-छपरा-थावे-सिवान-भटनी रिंग रेल अनारक्षित विशेष गाड़ी एक जनवरी से 17 फरवरी तक प्रतिदिन झूसी से 09.00 बजे प्रस्थान कर ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवादुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सिवान से 20.35 बजे, मैरवा से 20.54 बजे, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां दूसरे दिन औंड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह बजे तथा ज्ञानपुर रोड छूटकर झूसी 04.15 बजे पहुंचेगी। बताया कि 05102 झूसी-बनारस-मऊ-भटनी-सिवान-थावे-छपरा-बलिया-गाजीपुरसिटी-वाराणसी सिटी-झूसी रिंग रेल अनारक्षित विशेष गाड़ी एक जनवरी से 17 फरवरी तक प्रतिदिन झूसी से 14.30 बजे प्रस्थान कर ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार, जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ, इंदारा, बेलथरा रोड, सलेमपुर, भटनी, भाटपार रानी, मैरवा, सिवान से 21.55 बजे, हथुआ, थावे, गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दूसरे दिन दिघवादुबौली, मशरख, मढ़ौरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागांव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं, बनारस, माधो सिंह तथा ज्ञानपुर रोड से 07.28 बजे छूटकर झूसी से 09.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी (अनारक्षित) के 14 तथा एसएलआरडी के दो कोचों सहित कुल 16 कोच लगाए जाएंगे।

## ओलहनपुर गांव में नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर मढ़ौरा (सारण)।** रविवार को ओलनपुर पंचायत के ओलनपुर गांव में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय मुखिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय पिरामल टीम से अमितेश कुमार सिंह एवं पंकज शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही प्रखंड स्तरीय टीम से बीसीएम आलोक कुमार, वीबीडीएस अभिषेक कुमार, सी एच ओ नंदनी सिंह, एलटी शशि कुमार, तुलसी कुमार, एएनएम रीता पासवान, आशा फेसिलेटर, आशा कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी सेविका की सक्रिय सहभागिता रही।कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं समय पर जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 20 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी योग्य व्यक्तियों का रात्रि में रक्त नमूना संग्रह कर फाइलेरिया परजीवी की पहचान करना था, ताकि समय रहते रोग की पुष्टि कर उचित उपचार एवं रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया तथा ग्रामीणों से जांच में अधिक से अधिक सहभागिता करने की अपील की गई।




पितामह पैलेस
शानदार एवं भव्य विवाह और सामाजिक कार्यक्रमों का उत्तम स्थल
हमारी विशेषताएँ
विशाल हॉल
आकर्षक स्टेज व डेकोरेशन
पूर्ण पार्किंग सुविधा
आधुनिक साउंड व लाइटिंग
स्वादिष्ट खानपान की व्यवस्था


विवाह, सगाई, जन्मदिन, सालगिरह, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम हेतु उपयुक्त
पता: पितामह चौक, SH-73, मढ़ौरा अमनौर रोड, कर्णपुरा, मढ़ौरा, सारण बिहार- 841401
संपर्क: 7703933168, 9911970162